राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

विज्ञप्ति

पटवारी सीधी भर्ती प्रारंभिक परीक्षा के समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि

1. परीक्षा दिनांक 13.02.2016 (शनिवार) को दोपहर 12 बजे से 3.00 बजे तक आयोजित होगी।
2. प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड करने की सुविधा दिनांक 01.02.2016 से प्रदान कर दी गयी है। अतः परीक्षार्थी अपना ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें।
3. परीक्षा केन्द्रों पर नकल की रोकथाम के लिए बहुत ही प्रभावी उपाय किये गये हैं। अतः परीक्षा में नकल कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के किसी झाँसे/बहकावे में नहीं आवें। नकल करने के लिए अनुचित साधनों का प्रयोग नहीं करें। नकल करने के प्रयास में पकड़े जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं आगे आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका केरियर समाप्त हो सकता है।
4. परीक्षा केन्द्र पर प्रात 11.00 बजे अपनी उपस्थिति देवें ताकि तलाशी के उपरान्त आप समय पर परीक्षा कक्ष में नियत स्थान पर बैठ सकें।
5. परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र, एक मूल फोटो युक्त पहचान पत्र यथा वोटर आई.डी. कार्ड, पेनकार्ड, ड्राइविंग लायसेन्स में से कोई एक और **2.5cm×2.5cm** साईज का नवीनतम एक रंगीन फोटो, एक नीला पारदर्शी बाल पैन एवं चिकनी सतह का एक गत्ता या बोर्ड या तख्ती जिस पर ओ.एम.आर. पत्रक रखकर परीक्षा दी जा सके, साथ लेकर आवें।
6. परीक्षा केन्द्र में फोटो युक्त पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने एवं तलाशी के उपरान्त ही आपको प्रवेश दिया जायेगा। इस कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों को आप पूर्ण सहयोग दें।
7. परीक्षा केन्द्र में आपको किसी भी प्रकार की घड़ी पहनकर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी अतः घड़ी पहनकर नहीं आवें।
8. परीक्षा केन्द्र में मोबाईल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस या अन्य किसी प्रकार का संचार उपकरण, किसी प्रकार की किताब, नोटबुक, पर्ची, केलकुलेटर, बैग, पर्स के साथ प्रवेश नहीं दिया जायेगा। केन्द्र पर इनके सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण आप इन्हें केन्द्र पर लेकर नहीं आवें।
9. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के लिए ड्रेस कोड लागू की गयी हैः–
    1. परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी सादे कपड़े पहनकर आवें। सूट, टाई, मफलर, जॉकिट, कोट, ब्लेजर, जरकिन, शॉल आदि पहनकर नहीं आवें।

2. परीक्षार्थी शर्ट, बिना जेब वाली जर्सी/स्वेटर जिसमें बड़े बटन नहीं लगे हों, पहन कर आ सकेंगे।
3. शर्ट में किसी तरह का कोई बैज आदि नहीं लगा हुआ हो। ऐसे कपड़े जिसमें आपत्तिजनक सामग्री आदि छुपाये जाने की संभावना हो, पहनकर नहीं आवें। महिलायें अपने बालों में रबड़बैंड या साधारण किस्म की हेयर पिन लगाकर आ सकती हैं।
4. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर तलाशी के समय अपना स्वेटर, जर्सी, जूते, मोजे उतार कर/सिर से स्कार्फ इत्यादि हटाकर तलाशी देनी होगी।

10. रेल/बस की छत या पायदान पर बैठकर / खड़े होकर यात्रा नहीं करे। परीक्षा केन्द्र पर एवं यात्रा के दौरान अनुशासन बनाये रखेंगे। अन्यथा आपके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर अभ्यर्थी की परीक्षा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा सकती है।

11. परीक्षार्थी प्रश्न पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि या अस्पष्टता के संबंध में परीक्षा समाप्त होने के 72 घण्टे के भीतर बोर्ड की वेबसाइट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** पर अपनी आपत्ति, यदि कोई हो, मय प्रमाण अपलोड कर सकते हैं।

12. पटवारी पद की भर्ती में विशेषयोग्यजन के लिए कोई आरक्षण नहीं है। फिर भी यदि किसी ऐसे विशेषयोग्यजन ने सामान्य कोटे में आवेदन किया हो जिन्हें नियमों में श्रुतलेखक देय है, तो वे चिकित्सा प्रमाण–पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र सम्बन्धित केन्द्राधीक्षक को परीक्षा दिवस से तीन दिन पूर्व अवश्य प्रस्तुत कर देंवे अन्यथा श्रुतलेखक की सुविधा देय नहीं होगी।

13. परीक्षा केन्द्र के संबंध में किसी कठिनाई की स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा उस केन्द्र के जिले से संबंधित परीक्षा समन्वयक एवं जिला नियंत्रण कक्ष जिनके दूरभाष नम्बर बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है, से सम्पर्क किया जा सकता है।

सचिव